दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-107
मुरादाबाद
(Tuesday)
06 August 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'अनुच्छेद 370 का फैसला जनता पर थोपने के बजाय...', ऐतिहासिक निर्णय के पांच साल बीतने पर बोले PM मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने '370– अनडूइंग द अनजस्ट, ए न्यू फ्यूचर फॉर जम्मू कश्मीर' नामक नई किताब में कई बातें बताई हैं। आज अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बात की। उन्होंने कहा कि उनके मन में यह बात बहुत साफ थी कि इस फैसले को लागू करने के लिए जम्मू कश्मीर की जनता को विश्वास में लेना सबसे ज्यादा जरूरी है। थोपने के बजाय... प्रधानमंत्री मोदी ने '370– अनडूइंग द अनजस्ट, ए न्यू फ्यूचर फॉर जम्मू कश्मीर' नामक नई किताब की प्रस्तावना में ये टिप्पणियां की हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि जब भी यह फैसला लिया जाए तो यह लोगों पर थोपने के बजाय उनकी सहमति से होना चाहिए।बता दें, यह किताब गैर-लाभकारी संगठन 'ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन' ने लिखी है और इसे पेंगुइन इंटरप्राइज ने प्रकाशित किया है। किताब में विस्तार से उन जानकारियों का उल्लेख किया गया है कि मोदी ने अपने लिए जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें कैसे हासिल किया। प्रकाशकों ने बताया कि इस पुस्तक का विमोचन अगस्त में ही किया जाना है। उन्होंने कहा कि यह किताब निस्संदेह भारत के इतिहास की सबसे बड़ी संवैधानिक उपलब्धि के साथ साथ यह भी बताती है कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी ने असंभव प्रतीत होने वाला काम किया। पेंगुइन ने सोमवार को अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के पांच साल पूरे होने पर एक बयान में कहा कि यह पुस्तक 'स्वतंत्रता के समय की गई कई भूलों पर प्रकाश डालती है, जिसकी परिणति अनुच्छेद 370 के अन्यायपूर्ण क्रियान्वयन के रूप में हुई। यह 1949 में लागू किए जाने के बाद से ही अनुच्छेद 370 के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभावों पर चर्चा करती है।' प्रकाशकों ने दावा किया है कि यह मोदी सरकार पर अपनी तरह की पहली किताब है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित शीर्ष निर्णय निर्माताओं के साथ बातचीत के माध्यम से असल में निर्णय लेने की प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण किया गया है। इस पुस्तक की प्रशंसा करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, %एक ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय का अत्यंत पठनीय विवरण, जिसने जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा परिदृश्य को बदलते हुए राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया है। यह पुस्तक इस पर प्रकाश डालती है कि कैसे पहले के युग के राजनीतिक समीकरणों और व्यक्तिगत रुझानों का राष्ट्रीय भावना ने अंततः प्रतिकार किया।'

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या दुष्कर्म मामला: रेप पीड़िता को लखनऊ मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर, एंबुलेंस से हुई रवाना

अयोध्या रेप केस की पीड़िता को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पीड़िता के साथ डॉक्टरों की एक टीम को भी भेजा गया है।जिला महिला अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता को संसाधनों के अभाव में अग्रिम इलाज के लिए केजीएमयू रेफर कर दिया गया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एंबुलेंस से सीएमओ डॉ. संजय जैन पीड़िता को लेकर लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। भदरसा दुष्कर्म कांड की पीड़िता हैवानियत की शिकार होकर गर्भवती हो गई है। उसे इलाज के लिए महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन यहां विशेषज्ञ व आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण चिकित्सकों ने उसके बेहतर इलाज के लिए केजीएमयू लखनऊ भेजने की संस्तुति की थी। सीएमओ डॉ. संजय जैन सुबह से अस्पताल परिसर में मौजूद रहे। कई राउंड की मंत्रणा और बाल कल्याण समिति के निर्देश पर उन्होंने बालिका को लखनऊ के लिए रेफर कराया है। बेबस बेटी के साथ लाचार मां का दर्द साझा कर पोछे आंसू- भाजपा जांच दल ने पीड़िता की मां से बात की। इसपर उन्होंने बताया कि अब भी आरोपी सपा नेता मोईद खान के समर्थक धमकी दे रहे हैं। समझौते का दबाव बना रहे हैं। हमें बहुत डर लग रहा है। इस पर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा कि धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। योगी सरकार ऐसा करने वालों को नहीं छोड़ेगी।

## मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक, लोक मंगल की कामना की



पावन सावन माह के तीसरे सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में भोलेनाथ से समृद्धि की मानसरोवर देवाधिदेव कमल पुष्प, सामग्री अर्पित और फलों के गोरखनाथ पुरोहितगण ने रुद्राष्टाध्यायी रुद्राभिषेक बाद मुख्यमंत्री रुद्राभिषेक कर भगवान प्रदेशवासियों के सुख-प्रार्थना की। प्राचीन मंदिर में सीएम योगी ने महादेव को विल्व पत्र, दुर्वा, अनेकानेक पूजन करने कर बाद गो दुग्ध रस से रुद्राभिषेक किया। मंदिर के विद्वत शुक्ल यजुर्वेद संहिता के के महामंत्रों द्वारा कराया।रुद्राभिषेक के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

## सोशल मीडिया पर लगाम लगाने की तैयारी, प्रसारण सेवा विधेयक को लेकर केंद्र पर बरसीं प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज एक तरफ सत्ता के जोर से पूरे मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार ब्रॉडकास्ट बिल लाकर डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, ओटीटी प्लैटफॉर्म्स और यहां तक कि निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की जुबान पर ताला लगाने की तैयारी कर रही है।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर प्रसारण सेवा ( विनियमन ) विधेयक लाकर डिजिटल मीडिया, सोशल



मीडिया, ओटीटी प्लेटफार्मों, निजी तौर पर लिखने और बोलने वालों पर लगाम लगाने की तैयारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया पर महात्मा गांधी ( यंग इंडिया, 1922 ) और जवाहर लाल नेहरू ( मार्च, 1940 ) के कोट्स साझा करते हुए कहा कि गांधी और नेहरू ने भाषण और प्रेस की स्वतंत्रता पर जोर दिया था। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 卐हमें सबसे पहले स्वतंत्र अभिव्यक्ति और संगठन के अधिकार को हासिल करना चाहिए और इन अधिकारों की रक्षा जान देकर भी करनी चाहिए।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐प्रेस की आजादी का मतलब यह नहीं होता कि जो चीजें हम छपी हुई देखना चाहें, सिर्फ उन्हीं की अनुमति दें, इस तरह की आजादी से तो कोई अत्याचारी भी सहमत हो जाएगा। स्वतंत्रता को कुचलने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी।卐 उन्होंने आगे कहा कि आज एक तरफ सत्ता के जोर से पूरे मीडिया को सरकारी भोंपू बना दिया गया है। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार ब्रॉडकास्ट बिल लाकर डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया, ओटीटी प्लैटफॉर्म्स और यहां तक कि निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की जुबान पर ताला लगाने की तैयारी कर रही है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। देश ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्रीय मंत्री ने दी प्रतिक्रिया- राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने इसे लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, प्रसारण सेवा ( विनियमन ) विधेयक, जिसके जरिए केबल टेलीविजन नेटवर्क्स ( विनयमिकरण ), कानून, 1995 को बदला जाना था, इसकी गाइडलाइंस को हितग्राहियों और आम जनता की टिप्पणियों के लिए 10 नवंबर 2023 को सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रसारण सेवा ( विनियमन ) विधेयक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया के लिए खतरा है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने लोगों से सरकार के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। हालांकि, कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर इस कानून में कुछ प्रावधानों के बारे में चिंता व्यक्त की। सरकार ने बताया कि विधेयक अभी भी ड्राफ्टिंग स्तर पर है और इसे लेकर हितधारकों से परामर्श जारी है।

## हिंसा भड़कने से बांग्लादेश में अब तक कम से कम 300 लोगों की मौत, पूरे देश में लगा कर्फ्यू



बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुईं हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं।बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। यहां रविवार शाम छह बजे कर्फ्यू लगा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक हिंसा में कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारी आज देशव्यापी कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए ढाका तक लांग मार्च का आयोजन कर रहे हैं।बांग्लादेश में जारी हिंसा में 14 पुलिसकर्मियों समेत 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। वहीं, सैकड़ों घायल हुए हैं। इस बीच बांग्लादेश में तीन दिन के अवकाश का भी एलान कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी छात्र लगातार प्रधानमंत्री शेख हसीना का इस्तीफा मांग रहे हैंएक रिपोर्ट के अनुसार, फेनी में हिंसा के दौरान पांच लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा सिराजगंज में चार, मुंशीगंज में तीन, बोगुरा में तीन, मगुरा में तीन, भोला में तीन, रंगपुर में तीन, पाबना में दो, सिलहट में दो, कोमिल्ला एक, जयपुरहाट में एक ढाका में एक और बारीसाल में एक व्यक्ति की मौत हुई हैस्थानीय मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश प्रशासन ने सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सोमवार, मंगलवार और बुधवार को तीन दिवसीय अवकाश की घोषणा की है। तीन सौ अधिक पुलिसकर्मी घायल- पुलिस मुख्यालय के अनुसार, हिंसा में अब तक देश भर में 14 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। इनमें से 13 की मौत सिराजगंज के इनायतपुर थाने में हुई है। बांग्ला भाषी समाचार पत्र ने बताया कि कोमिला के इलियटगंज में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां तक कि 300 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। क्या है मामला?- आपको बता दें कि बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुईं हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत बांग्लादेश के लिए वर्ष 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्रामियों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित की गईं हैं। भारत ने अपने नागरिकों से सतर्क रहने को कहा- इससे पहले, भारत ने बांग्लादेश में रहने वाले अपने नागरिकों से संपर्क में रहने और सतर्क रहने को कहा है। बांग्लादेश में भारत के सहायक उच्चायोग की तरफ से जारी एक सोशल मीडिया में पोस्ट कहा गया, सिलहट स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग के अधिकार क्षेत्र में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि इस कार्यालय के संपर्क में रहें और सतर्क रहें। किसी आपात स्थिति में +88-01313076402 पर संपर्क करें।

## 'सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में हो चुनाव', खरगे ने रखी मांग



खरगे ने कहा कि 2019 के बाद से 683 घातक आतंकवादी हमले हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 258 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 170 नागरिकों की जान चली गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरे कार्यकाल की शपथ के बाद से जम्मू क्षेत्र में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं।कांग्रेस ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में चुनाव सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार होने की मांग की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा की नीति न तो 'कश्मीरियत' का सम्मान करने वाली है और न ही 'जम्हूरियत' ( लोकतंत्र ) को बरकरार रखने वाली है। बता दें कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को 2019 में निष्प्रभावी बना दिया था। इसके साथ ही सरकार ने तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम से दो केंद्र-शासित प्रदेश-जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 卐जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर भाजपा की नीति न तो 'कश्मीरियत' का सम्मान करने वाली है और न ही 'जम्हूरियत' को कायम रखने वाली है।卐 उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने दावा किया था कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से एकीकृत करने, क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और आतंकवाद को रोकने में मदद मिलेगी, लेकिन वास्तविकता बिल्कुल अलग है।खरगे ने आगे कहा, 卐2019 के बाद से 683 घातक आतंकवादी हमले हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 258 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 170 नागरिकों की जान चली गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरे कार्यकाल की शपथ के बाद से जम्मू क्षेत्र में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं, जिसमें 15 सैनिकों की जान चली गई और 27 घायल हो गए।卐 उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याएं काफी बढ़ गई हैं। जम्मू कश्मीर में 2019 से ही 65 प्रतिशत सरकारी विभाग पद खाली हैं। यहां बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है। 2021 में नयी औद्योगिक नीति लागू होने के बावजूद महज तीन प्रतिशत निवेश ही जमीन पर उतर पाया है। कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री विकास पैकेज, 2015 के तहत 40 प्रतिशत परियोजनाएं लंबित हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग सामान्य स्थिति के लिए तरस रहे हैं। यहां के लोगों ने अपनी स्थिति भारत जोड़ो अभियान के दौरान राहुल गांधी के सामने रखी थी। खरगे ने इस बात पर भी जोर दिया कि कांग्रेस यहां के लोगों के साथ खड़ी है।

## संपादकीय Editorial

### Sub-classification of reservation

The decision of the 7-judge Constitution Bench on sub-classification of reservation in the reservation of Scheduled Castes (SC) and Scheduled Tribes (ST) can prove to be a 'milestone' for social justice. This is the second historic decision after Mandal. It can prove to be a 'milestone' only when the creamy layer decision is implemented. The right to sub-classify reservation has been given to the state governments. Till now, it was reserved with the President only. By passing a resolution in the Parliament, any caste could be brought under the purview of reservation or a caste could be excluded from reservation. However, that right will remain intact, but SC and ST will be able to sub-classify the oppressed, backward and poor castes in their reservation quota. At present, Dalits and tribals have got 15 percent and 7.5 percent reservation in education and jobs respectively. Two statements of the Constitution Bench are important. One, sub-classification of some castes in the quota of SC-ST does not violate Article 14 and Article 341 of the Constitution. The principle of equality will remain intact. Secondly, reservation should be limited to one generation. If the first generation has reached a high position by taking advantage of reservation, then the second generation should not get the right to reservation. Justice BR Gavai has talked about applying 'creamy layer' on SC-ST as well, like OBC. This can become a controversial issue. Those who have been doing politics on the basis of reservation for decades or because of reservation, generations of IAS officers have been becoming IAS officers in a particular caste of Rajasthan, why will they allow their share to be divided? Prakash Ambedkar, grandson of Constitution-maker Baba Ambedkar, has criticized the decision of the Constitution Bench and termed it as 'social bias'. He fears that the quota of Dalits will start decreasing. However, the Constitution Bench has said that the government must formulate a policy to identify the 'creamy layer' among the SC-ST category and exclude them from the scope of reservation. This concept should also be clear. Reservation for OBC and economically weaker sections is decided on the basis of their annual income. The limit of creamy layer is Rs 8 lakh per annum. That is, about Rs 67,000 per month. How can this class be poor? On the other hand, there are those Indians who are unable to earn even Rs 375 per day. It would have been better if a judicial decision was also given on the creamy layer. However, the risks of the decision have also started to emerge. There is a strong possibility that SC-ST will no longer remain a group. Different classes will emerge within them and then new politics related to them will start boiling. LJP (Ram Vilas), an ally of NDA in the central government itself, has urged to reconsider the decision, so that there is no discrimination among SC-ST classes and they do not become weak. Since the states will be able to implement it, the question is when will this decision be implemented. The SC-ST census is available, so caste census is not mandatory. State governments can form an expert panel. They will tell through research and data which caste is socially, educationally and economically backward and it is very important to bring them under the ambit of reservation. The bench has cancelled the decision given in the case of 'EV Chinnaiya vs Andhra' in 2004. In that decision, it was said that the state government cannot make sub-classification in the fixed reservation. The latest decision is of Punjab. Actually, the Punjab government had made a law in 2006 that 50 percent reservation in SC-ST reservation in the state, under first priority, will be given to Valmiki and Mazhabi Sikhs. The Punjab High Court had cancelled it in 2010.

## Time Machine: Tax is a compulsion or responsibility, when in America a cartoon character was made as a publicity stunt

American comedian Terry Pratchett used to say that between death and tax, death is better because it comes only once. On the other hand, governments feel that people don't pay taxes. It is a permanent complaint of Indian leaders that people don't pay taxes here. However, it is a different matter that tax and its collection keep on increasing. This debate is going on since eternity whether tax is a compulsion or a responsibility. The irritation with tax is historical. Governments cannot function without imposing tax. This struggle has become historical. Diljale says that a penalty has to be paid for doing something wrong, but tax is a penalty for being civilized and honest, which the government collects by holding our throat. For example, take the latest budget, the government squeezed us by increasing the tax on investment more than the concession given by taking a few morsels in income tax. American comedian Terry Pratchett used to say that between death and tax, death is better because it comes only once. On the other hand, governments feel that people don't pay taxes. It is a permanent complaint of Indian leaders that people here do not pay taxes. It is a different matter that tax and its collection keep increasing. This debate has been going on since eternity whether tax is a compulsion or a responsibility. Governments have always been trying to convince more and more people to pay taxes. Once in America, the government, troubled by the lack of revenue, made a cartoon character its tax campaigner. Come, hold your seat in the time machine... We fly towards America, where the election fever is increasing. But we are not going to meet Kamala Harris or Donald Trump. We are directly reaching the 1930s, which was the most eventful decade of America. During this period, the Great




Depression came, then the Second World War and Japan's attack on Pearl Harbor. We are going to meet Henry Morganthau Junior, who is America's most famous Jew. The corridors of Washington are full of his strength and wisdom. Henry Morganthau's father Henry Morganthau Senior was also a very famous person. But the son is far ahead of the father. What is about to happen in front of us now will give Henry Morganthau Jr. a unique place in history. You must have heard in the coffee houses of Washington that Morganthau is an expert in agriculture. He has worked in the agriculture department of the US government during the First World War. That was the tenure of President Herbert Hoover. But his influence in Washington grew with Franklin Roosevelt. Stories of the close friendship between Roosevelt and Morganthau are being heard a lot. This is the year 1934. Roosevelt is the President and Morganthau is his Finance Minister. Morganthau was the financial manager of Roosevelt's recession prevention campaign. Morganthau has arranged for the resources to rescue America from the deep recession. You must have come to know that the guns of the Second World War have started roaring. Henry Morganthau is roaring as America's biggest voice against Hitler's genocide of Jews. On his advice, the US government has created the Bar Refugee Board, through which help is being given to the Jews who are victims of genocide. Meanwhile, Japan has attacked Pearl Harbor. America, which has so far stayed away from the Second World War, is now about to jump into this war. But we fly from here to California, because the story of tax, which we have been searching for for about 80 years, will require us to meet the hero of entertainment, Walt Disney. Yes, the same Walt Disney, the famous cartoon hero who gave us Donald Duck, Mickey Mouse and countless other characters like them. America is gearing up to join the World War. Finance Minister Morganthau needs resources for the war. War bonds have been issued in America. Morganthau feels that if the American people are motivated to pay taxes on time, then the shortage of resources will be overcome. This is December, 1941. Amidst the preparations for the war, we have come to Burbank, California, where Walt Disney is reading Morganthau's message. Disney is reaching Washington DC by catching the first flight from Burbank. Disney thought that he would have to help in the promotion of war bonds, but Morganthau had a different agenda. Morganthau has asked Disney Studio to make a film that inspires people to pay taxes on time. Only six weeks have been given. This film will be released in theatres by February 1942. All the films being made in Disney Studio have been stopped and work has started on a short film. Donald Duck is the biggest cartoon star, who will be the hero of this film. Joe Grant and Will Humer have written the film. The name is The New Spirit. Walt Disney has returned to Washington with the storyboard. A meeting has been scheduled. But what is this? Morganthau is not a fan of Donald Duck, he did not like the content of the film. Disney, the creator of cartoons, is angry with Finance Minister Morganthau. Why shouldn't he be? Donald Duck is the megastar of Disney Studio. Films run in his name. This film is to be given free to the cinema goers, due to which the bookings of other films of Disney Studio are getting cancelled. Disney's company is going to suffer a loss of 40,000 dollars. Meanwhile, a debt of 10 lakh dollars is standing in the balance sheet. Disney Studio is sacrificing a lot, but Morganthau is not able to understand the film. But time is with Disney, not with Morganthau. The government has less time. The deadline for filing income tax returns in America is March 15. That is why The New The Spirit has finally been approved. Now we are in front of a cinema hall in New York. The New Spirit is being screened here for the first time. The film has become a hit. Donald Duck is an actor in this film. He understands the national duty of paying taxes, so in excitement he takes his returns and reaches Washington directly. The dialogue of this film has become famous - Taxes to beat the Axis. That is, paying taxes is necessary to defeat the Hitler-Mussolini alliance (Axis). American newspapers are reporting that The New Spirit has become a superhit. On the return journey in the time machine, you will come to know that in 1941, 1.3 crore people paid taxes in America. But with the encouragement of Donald Duck, this number increased to five crore. While reading this news, fasten your seatbelt that Walt Disney did not get the cost of this film paid by the American government. Disney had to bear a loss of about 80,000 dollars. When the news came out that Walt Disney was demanding payment for the film, angry people started a campaign of No Dime for Disney. Anyway, Disney's The New Spirit, which inspired patriotism among taxpayers, won the 1943 Oscar for short film. Disney and Donald Duck too. In the same ceremony, the main Oscar award was given to the amazingly funny Disney movie Donald Duck's Hear the Fuhrer's Face. So now we are landing in Delhi. You know that now the tax rules have changed on selling land, shares and gold. Do the math.

## Do not take the elephant lightly!... The help of the biology of the trunk is being taken to strengthen the grip of the robot

The elephant can uproot the biggest tree with its trunk. In robot studies, the help of the biology of the trunk is being taken to strengthen the grip of the robot. No matter how the robot is, it is expected from it that it should pick up objects and take them to another place and also keep them in an organized manner. In such a situation, the robot manufacturing companies pay the most attention to how the hands of the robot can make a strong grip on the objects. In this case, the interest of robotic science has increased in the trunk of elephants. It is interesting to see the way an elephant uses its trunk. The elephant uses its trunk for eating, drinking, communicating, searching, social behavior and making and destroying things. The muscles of the trunk are so strong that it can uproot even the strongest tree. However, the elephant uses this trunk with extreme precision. The work that fingers do in a human hand, an elephant does with its trunk. I was part of a group of scientists who tested African savanna elephants to see how much force the tip of their trunk exerts. The muscles of an elephant's trunk have no bones. There are many nerves, which gives it great strength, precision and sensitivity to grasp things. The tip of an elephant's trunk has two finger-like projections - pointed at the top and more rounded and smaller at the bottom. We also studied how the position of the trunk affects the force the elephant exerts. Electronic



engineers who build robots have tried to mimic the flexibility of natural biological tissue and the way they can bend while performing different tasks. This is known as bio-inspired technology. It is useful in soft robotics, which focuses on the design and construction of robots. For the past 20 years, elephant trunks have inspired this research. It is useful for the future development of soft grippers for robots. Soft grippers are the device at the end of the robot's arm, which is the most important part of the robot's arm for grasping things. Based on the elephant's trunk, soft grippers change their shape to adapt to unpredictable environments. We measured the maximum pinch force exerted by the trunk, which was 86.4 Newtons. In humans, the maximum pinch force between the thumb and forefinger is between 49 and 68 Newtons. So when you are near an elephant, don't underestimate the power of its trunk.


## तीसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, की सुख शांति की कामना



मुरादाबाद- सावन के तीसरे सोमवार पर मंदिरों में शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख शांति की कामना की। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर गूंज उठे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया है। सावन माह में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने का अपना अलग महत्व है। सावन माह के हर सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिलता है। सावन माह के तीसरे सोमवार पर भी श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। कांवड़ियां हरिद्वार और बृजघाट से पवित्र गंगाजल लेकर आए। रविवार रात से ही कांवड़िये मंदिरों के बाहर पहुंचने लगे। तड़के जैसे ही मंदिरों के कपाट खुले। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई। झारंखंडी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, दुर्गामंदिर, शिवमंदिर समेत अन्य मंदिरों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। अन्य श्रद्धालुओं ने भी भगवान भोलेनाथ को जल चढ़कर व्रत रखकर विश्व में शांति की कामना की।

## रेलवे के बेस किचन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंसर लगवाने की तैयारी, यात्री करते हैं खराब खाने की शिकायत

मुरादाबाद- ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों को उनकी सीट पर मिलने वाले भोजन की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ) से निगरानी की तैयारी की जा रही है। जिसके बाद भोजन तैयार करने वाले बेस किचन में रेलवे सीसीटीवी कैमरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त सेंसर लगाने की तैयारी कर रहा है। जिससे खाने, किचन में गंदगी व रसोइये के कपड़े साफ न होने पर भी नोटिफिकेशन अधिकारियों के पास पहुंचेगा। इसकी मॉनीटरिंग आईआरसीटीसी के प्रतिनिधि करेंगे। रेल बजट में इसका जिक्र किया गया है। कमी पाए जाने पर रेलवे ट्रेनों में खाना परोसने वाले संबंधित बेस किचन का लाइसेंस रद कर दिया जाएगा। मुरादाबाद स्टेशन के पास तीन व बरेली स्टेशन के पास



एक बेस किचन है। तीनों में सीसीटीवी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ) युक्त सेंसर लगाए जाएंगे। बेस किचन से वंदे भारत, राजधानी, शताब्दी, जनशताब्दी, डबल डेकर, गरीबरथ, लखनऊ मेल, लखनऊ-चंडीगढ़ समेत विभिन्न ट्रेनों में भोजन की आपूर्ति होती है। यात्री फूड ऑन ट्रैक एप के जरिये भोजन बुक करते हैं। मुरादाबाद व बरेली स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने पर उनकी सीट पर कर्मचारी भोजन लेकर पहुंच जाता है। टिकट बुक करते समय भी आईआरसीटीसी भोजन का विकल्प देता है। जल्द ही बरेली व मुरादाबाद में एक-एक बेस किचन और तैयार किया जाएगा। जिसमें यात्रियों को मिलने वाले खाने की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंसर भी लगेगा। ट्विटर पर यात्री करते हैं खराब खाने की शिकायत- रेलवे प्रशासन को आए दिन ट्विटर पर यात्री खराब खाने की शिकायत करते हैं। कई बार खाने में गंदगी की शिकायतें भी मिली हैं। इस समस्या के समाधान के लिए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि कृत्रिम बुद्धिमता वाले सेंसर में इस प्रकार फीडिंग की जाएगी कि यदि भोजन बनाने वाले कर्मचारी ने शेफ वाला कैप नहीं पहना होगा तो भी पता चल जाएगा। जहां भोजन बनता है, वहां की सीधी निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होगी। रेल मंडल के बरेली रेलवे स्टेशन पर एक और मुरादाबाद में तीन बेच किचन हैं। जिसमें यात्रियों के लिए खाना बनता है। अब इनमें सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंसर से निगरानी करने की योजना है। जिससे यात्रियों को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।- आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम

## संक्षिप्त समाचार

### नौकरानी को यातना: मुरादाबाद में निर्यातक दंपती ने नाबालिग को पीटा, जबरन कटवा दिए बाल, नाई व कारोबारी गिरफ्तार

मुरादाबाद-मुरादाबाद में निर्यातक ने नाबालिग नौकरानी को जमकर पीट दिया। इससे बाद नाई को बुलाकर उसके बाल कटवा दिए। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद के गलशहीद मोहल्ले में निर्यातक दंपती ने नाबालिग नौकरानी के साथ मारपीट की। साथ ही नाई को बुलाकर जबरन उसके बाल कटवा दिए। किशोरी की मां की शिकायत पर निर्यातक दंपती और नाई के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, दंपती का कहना है कि किशोरी पढ़ाई न करके मोबाइल और टीवी देखती रहती थी। शामली जिले के कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने गलशहीद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 साल की बेटी है।एक साल पहले उसने अपनी नाबालिग बेटी को गलशहीद चौराहा प्रिंस रोड निवासी निर्यातक अदनान आलम के घर काम करने के लिए छोड़ दिया था। निर्यातक के घर वह झाड़ू-पोछा का काम करती थी। साथ ही निर्यातक दंपती ने पढ़ाई-लिखाई कराने का भी भरोसा दिया था। महिला ने बताया कि उसकी बेटी पढ़ाई पर ध्यान नहीं देती थी। ज्यादातर समय वह टीवी और मोबाइल देखने में व्यस्त रहती थी। आरोप लगाया कि इसी से नाराज होकर शुक्रवार शाम 4-30 बजे अदनान आलम और उनकी पत्नी सबिहा ने किशोरी को डांट-फटकार लगाई और बाद में मारपीट की। फिर नाई बुलाकर जबरन उसके सिर के बाल भी कटवा दिए। किशोरी ने इसकी सूचना अपनी मां को दी। इसके बाद मां ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दे दी। दूसरे दिन पुलिस के साथ निर्यातक के घर पहुंची तो बेटी ने आपबीती सुनाई।

बाद में थाने पहुंच कर मां ने तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर निर्यातक अदनान आलम, उनकी पत्नी सबिहा और बाल काटने वाले नाई नाजिम के खिलाफ केस दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान- गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि किशोरी से मारपीट की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। चूंकि अपराध सात साल की कम सजा वाला है। इसी कारण तीनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया गया है। मुकदमे की विवेचना कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तमाम घरों में काम कर रहे नाबालिग- शहर के करीब एक हजार से अधिक घरों में नौकर रहते हैं।

इसमें नाबालिग भी शामिल हैं, जो मालिक के घर रहकर चौका-बर्तन, झाड़ू-पोछा आदि का काम करते हैं। ये नौकर आसपास के जिले के अलावा उत्तराखंड के हैं। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, लेकिन अधिकतर मामले पुलिस तक नहीं पहुंचते। अमानवीय व्यवहार के लिए तीन से सात साल तक की सजा- बालश्रम ( निषेध और विनियमन ) संशोधन अधिनियम, 2016 के मुताबिक 14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर रखना अवैध है। ऐसा करने पर छह महीने से दो साल तक की जेल या जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा किशोर न्याय ( बालकों की देखरेख और संरक्षण ) अधिनियम 2015 के तहत नाबालिगों के साथ किसी भी प्रकार के शोषण या अमानवीय व्यवहार के लिए कठोर सजा का प्रावधान है। इसमें तीन से सात साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है।

## गजरौला में दो कांवड़ियों की मौत: बाइकों की सीधी टक्कर में तीन सवार घायल, जान गंवाने वालों में इंटर का छात्र भी

मुरादाबाद-गजरौला में बाइकों की सीधी भिड़ंत में इंटर के छात्र समेत दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा तीन लोग घायल हो गए। सभी ब्रजघाट कांवड़ लेने जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गजरौला में हाईवे की सर्विस रोड पर एलआईसी ऑफिस के सामने बाइकों की भिड़ंत में बरेली के फतेहगंज निवासी राजकुमार ( 30 ) व डिडौली के पतेई खालसा निवासी गौरव ( 18 ) की मौत हो गई। राजकुमार अपने गंगा जल लेकर लौट रहे थे। गौरव नाईपुरा लेने जा रहे थे। हादसे में तीन लोग गंभीर हैं। घायलों को पास में ही निजी अस्पताल गए। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई पालन पोषण करते हैं। उनके परिवार में के मुताबिक नगर के नाईपुरा बुद्ध नगर में काम करते हैं। उनका बेटा गौरव अपनी में पढ़ाई कर रहा था। वह जलालपुर कलां 11 बजे वह अपने मौसा हिमांशु की बाइक उसने मोहल्ले से ही अपने दोस्त को साथ फतेहगंज पश्चिमी निवासी राजकुमार पुत्र लालू के साथ ब्रजघाट से कांवड़ लेकर सर्विस रोड पर एलआईसी ऑफिस के टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी मौत हो गई। उनके तीनों साथी घायल हो साथ मौके पर गए। वह राजकुमार व गौरव गए। जहां पर राजकुमार व गौरव को मृत



साथी रामेश्वर व जसपाल के साथ ब्रजघाट से कांवड़ में के दीपक के साथ ब्रजघाट गंगा स्नान करने व गंगा जल रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव मोर्चरी पर रखवाए में भर्ती कराया। जहां से मुरादाबाद टीएमयू रेफर कर दिए खालसा निवासी गुड्डू सिंह जाटव मजदूरी कर परिवार का दो बेटे और तीन बेटियों में गौरव सबसे बड़ा था। गुड्डू सिंह मोहल्ले में उनके साढ़ू हिमांशु रहते हैं। वह औद्योगिक इकाई मौसी स्वाति और मौसा हिमांशु के घर रह कर इंटरमीडिएट स्थित एक इंटर कॉलेज का छात्र था। रविवार रात साढ़े लेकर ब्रजघाट गंगा में स्नान करने व जल लेने को निकला। लिया था। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि बरेली के जिद्दीराम अपने साथी और पड़ोसी रामेश्वर व जसपाल उर्फ लौट रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। हाईवे की सामने गौरव व राजकुमार की बाइक की भिड़ंत हो गई। तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। राजकुमार व गौरव की मौके पर गए। सूचना मिलते ही चौपला चौकी इंचार्ज पुलिस के व घायलों को लेकर पड़ोस के निजी अस्पताल में लेकर घोषित कर दिया। घायल दीपक, रामेश्वर व जसपाल उर्फ लालू को टीएमयू रेफर कर दिया गया। सीओ ने बताया कि हादसे में मौत की खबर राजकुमार के परिजनों को दे दी है। गौरव के परिजन रात में ही आ गए थे। दोनों के शवों की पोस्टमार्टम कराए जाने की तैयारी है। हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों बाइक पुलिस के कब्जे में हैं।

## उड़ान का उत्साह... पहले हफ्ते की 65% सीटें फुल, मुरादाबाद से सवा घंटे में पहुंचेंगे लखनऊ

मुरादाबाद-मुरादाबाद हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए 10 अगस्त से सीधी उड़ान शुरू हो रही है। इससे लोगों में उत्साह है। कंपनी के मुताबिक पहले हफ्ते की करीब 65 प्रतिशत सीट फुल हो चुकी है। मुरादाबाद से उड़ान की घोषणा व फ्लाइट की ऑनलाइन बुकिंग




शुरू होने के बाद लोगों में उत्साह है। फ्लाई बिग कंपनी के ऑनलाइन रिकॉर्ड के मुताबिक पहले हफ्ते की करीब 65 फीसदी सीटें फुल हो चुकी हैं। मुरादाबाद से लखनऊ के लिए मंगलवार, बृहस्पतिवार व शनिवार को फ्लाइट मिलेगी। जिला प्रशासन व फ्लाई बिग कंपनी के दावे के मुताबिक शनिवार 10 अगस्त से उड़ान शुरू हो रही है। कंपनी के मुताबिक 10 अगस्त के लिए पांच, 13 अगस्त के लिए पांच व 15 अगस्त के लिए 10 सीटें खाली हैं। यह स्थिति ऑनलाइन बुकिंग शुरू होने के बाद है। मंगलवार से यात्री हवाई अड्डे पर जाकर मैनुअल बुकिंग भी करा सकेंगे। इसके लिए फ्लाई बिग कंपनी का स्टाफ तैनात कर दिया गया है। सोमवार को दिल्ली में बैठक के बाद फ्लाई बिग कंपनी उड़ान का आधिकारिक शेड्यूल जारी करेगी। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार के मुताबिक 10 अगस्त को पहली उड़ान सुबह 9-35 बजे होगी। सवा घंटे बाद सुबह 10-50 बजे 19 सीटर विमान लखनऊ पहुंच जाएगा। सप्ताह में तीन दिन उड़ान की सुविधा रहेगी। डीजीसीए की ओर से अनुमति मिलने के बाद हवाई अड्डे पर एचपीसीएल कंपनी ने फ्यूल टैंकर भी खड़े कर दिए हैं। जल्द ही स्थायी तौर पर ईंधन की उपलब्धता के लिए फ्यूल स्टेशन का निर्माण भी शुरू हो जाएगा। हवाई अड्डे पर 40 मिनट पहले पहुंचना होगा- मुरादाबाद से लखनऊ का बेस फेयर 999 रुपये तय किया गया है। जीएसटी व अन्य कर मिलाकर लगभग 1300 रुपये में यात्री 350 किमी दूर लखनऊ पहुंच सकेंगे। हवाई अड्डे पर 40 मिनट पहले पहुंचना होगा। ट्रेन से लखनऊ जाने में कम से कम पांच घंटे का समय लगता है। फ्लाइट शुरू होने के बाद चेकइन आदि मिलाकर आधे समय में ही यात्री अपने गंतव्य तक पहुंच जाएगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर अमरजीत ने बताया कि 10 अगस्त से उड़ान शुरू हो सकती है।

## दो दिन में 20 हजार से ज्यादा जनरल रेल टिकट बिके, मुरादाबाद व पीतलनगरी अड्डे से चलेगी रोडवेज बस

मुरादाबाद-कांवड़ यात्रा के दौरान रेलवे की जनरल टिकटों की डिमांड अचानक बढ़ गई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अबतक 20 हजार से भी ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। उधर, रोडवेज बसें अब मुरादाबाद और पीतलनगरी स्टैंड से संचालित की जाएंगी। कांवड़ यात्रा ने रेलवे के जनरल टिकटों की मांग बढ़ा दी है। गंगाजल लाकर भोले का अभिषेक करने की मंशा से जाने वाले श्रद्धालु मुरादाबाद से ब्रजघाट, हरिद्वार, ऋषिकेश व लक्सर जाने के लिए टिकट खरीद रहे हैं। लिहाजा मुरादाबाद से दो दिन में 20 हजार से ज्यादा जनरल टिकट बिक चुके हैं।

आम दिनों में आंकड़ा सात से आठ हजार प्रति दिन रहता है। इससे पहले जून में गर्मियों की छुट्टियों के कारण रेलवे जनरल टिकट से अच्छी आय हुई थी। जून में मुरादाबाद से कुल 3,04,188 टिकट बिके, जिनसे रेलवे को दो करोड़ 35 लाख रुपये की आय हुई।जुलाई में मुरादाबाद से लगभग 2.93 लाख लोगों ने जनरल टिकट खरीदे। इससे रेलवे को 2.24 करोड़ रुपये की आय हुई। अब अगस्त के चार दिन में 50 हजार से ज्यादा टिकट बिके हैं। शुक्रवार को सबसे ज्यादा टिकट बिके।सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश व लक्सर स्टेशन पर अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है। आश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। डीआरएम समेत वरिष्ठ अधिकारी इन स्टेशनों का दौरा कर चुके हैं। ट्रेनों में अतिरिक्त अनारक्षित कोच भी लगाए गए हैं। -इन ट्रेनों में लगे अतिरिक्त अनारक्षित कोच ट्रेन नंबर ट्रेन का नाम अतिरिक्त कोच की संख्या, 04360 ऋषिकेश-चंदौसी पैसेंजर तीन कोच, 04359 चंदौसी-ऋषिकेश पैसेंजर तीन कोच, 04376 बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर दो कोच, 04375 अलीगढ़-बरेली पैसेंजर दो कोच,04378 बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर दो कोच, 04377 अलीगढ़-बरेली पैसेंजर दो कोच, 04333 गजरौला-नजीबाबाद पैसेंजर एक कोच, 04334 नजीबाबाद-गजरौला पैसेंजर एक कोच, 04393 गजरौला-अलीगढ़ पैसेंजर एक कोच, 04394 अलीगढ़-गजरौला पैसेंजर एक कोच, 04358 नजीबाबाद-मुरादाबाद पैसेंजर एक कोच, 04357 मुरादाबाद-नजीबाबाद पैसेंजर एक कोच, मुरादाबाद व पीतलनगरी बस अड्डे से चलेंगी रोडवेज बसें कांवड़ यात्रा सामान्य होने पर सोमवार सुबह 11 बजे से दिल्ली, अमरोहा, मेरठ आदि जगहों के लिए रोडवेज बसों का संचालन मुरादाबाद बस अड्डे से किया जाएगा। वहीं चंदौसी, संभल, रामपुर, बरेली, हल्द्वानी, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, लखनऊ जाने वाली बसों का संचालन पीतलनगरी बस अड्डे से होगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## मंत्री मान. टंक राम वर्मा जी को उनके निवास स्थान पर हरेली की बधाई एवं शुभ कामनाएं देने पहुंच

क्यूँ न लिखूँ सच

समाचार रायपुर छत्तीसगढ़ - अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन भारत के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ पत्रकार जन कल्याण समिति, प्रथम दस्तक न्यूज़ चैनल, दानवान ग्रुप फाउंडेशन , के संस्थापक अध्यक्ष मनोज वर्मा ( स्वतंत्र ) ने छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री मान टंक राम वर्मा जी के शंकर नगर स्थित निवास में मिलकर छत्तीसगढ़ के पहली त्योहार की ढेर सारी बधाई एवं शुभ कामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पत्रकार जनकल्याण समिति के तत्वधान में इस वर्ष 2024 में पत्रकार सम्मान समारोह की गतिविधियों से अवगत करवाया और 2024 में संगठन की ओर से प्रथम पुष्प की( पहली अंक ) निकालने की रूपरेखा से भी अवगत कराया । जिस पर मंत्री महोदय ने सहमति देते हुए । सफल कार्यक्रम के आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित की है इस पर संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष मनोज वर्मा स्वतंत्र ने बताया की सभी मंत्रियों के पास इसी सप्ताह में मिलने का टाइम ले लिया गया है सभी मंत्रियों से मिलकर इस कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा रहा है।इसके लिए पूरे जिले में कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसकी लिस्ट बहुत जल्द निकाल दिया जायेगा ।और यह भी जानकारी देते हुए मनोज वर्मा स्वतंत्र ने बताया संगठन में जो भी पदाधिकारी 3 माह से सक्रिय नही है उन सभी पदाधिकारियों को पद मुक्त कर दिया गया है उनके जगह पर दूसरे पदाधिकारियों की नियुक्ति किया जायेगा जनरल कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष की भी नियुक्ति रद्द करने का निर्णय लिया गया है।उनके स्थान पर जल्द ही नियुक्ति करने के आदेश दे दिया गया है।



## ग्राम पहाड़गाँव मे हाई टेंशन वाली लाइन पर गिरा पीपल का पेड़ लाइन जमीन पर आकर गिरी लोग दहशत मे

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) कोंच सर्किल के थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम पहाड़गांव में आज रविवार को उस समय एक बड़ा हादसा टल गया जब तेतीस केबी ए पिंडारी बिजली घर से पहाडगांव के लिए जो ग्यारह हजार की लाइन आई है उसमें उसमें 440 वोल्ट की लाइन पत्रकार वाली गली में पत्रकार के मकान पास है आज अचानक वहाँ काफी बर्ष पुराना पीपल का पेड़ लगा था जो हवा के साथ गिर गया और यह हाईटेंशन लाइन की केबिल पर टूटकर नीचे गिर गया जिससे इस गली में खतरा उत्पन्न हो गया है इस पेड़ गिरे जाने की सूचना गाँव के जागरुक लोगो ने बिजली विभाग के सम्बन्धित जेई को दे दी है गौरतलब है कि थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम पहाड़ गांव में पत्रकार रामबाबू शर्मा के मकान के पास कई बर्ष पुराना पीपल का पेड़ खड़ा था तेज हवा व बर्षा के कारण आज रविवार सायं सात बजे अचानक पेड़ की बहुत मोटी डाल भर-भरा कर टूट कर गिरी जिससे उसी के नीचे निकली 440 वोल्ट की केवल भी उसकी चपेट में आ गई और टूट कर जमीन पर गिर गई अगर बिजली की सप्लाई चालू होती तो कोई बहुत बड़ा हादसा होने की सम्भावना थी जिससे ओम प्रकाश शर्मा का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया जिसकी सूचना बिजली विभाग के जेई बृजेन्द्र पाल को दूरभाष द्वारा दे दी गई है इस लाइन के जमीन पर गिर जाने के कारण गली के लोग काफी दहशत मे है और उनका कहना है की इस बरसात के मौसम मे अगर यही हाल रहा तो आने जाने मे दिक्कत हो जायेगी





## कुल शरीफ के साथ सालाना उर्से कलंदरी सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) मोहल्ला जबाहर नगर सागर तालाब स्थित हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक दरगाह आस्तना ए कलन्दरिया का 84 वाँ उर्से कलन्दरी आज उर्स के तीसरे और आखरी दिन दरगाह के सज्जादा नशीन मियाँ हाजी आरिफ़ अली शाह की सदारत नाजिमे उर्स दरगाह के खतीबो इमाम हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी की निजामत में आज बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी, नात ख्वानी, व्यानाते औलिया ए इकराम में खिताब करते हुए हाफिज साबिर बरकाती ने कहा बुजुर्गोने दिन सच्ची अकीदत उनके बताए हुए रास्ते पर चलने से हमे चाहिए कि इन अल्लाह वालों के नक्से कदम पर चल कर अपनी जिंदगी में काम याबी हासिल करें इसके बाद बाद नमाज जौहर 2 बजे से महफिले शमा कब्बाली की महफिल में अनस चिश्ती, व असलम साबरी फिरोजाबाद ने एक से बढ़ एक कलाम पेश किए ।इसके बाद कुल शरीफ के साथ सलातो सलाम के साथ प्रोग्राम शाम छह बजे सम्पन्न हुआ और आख़िर में सभी को लंगर दिया गया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद अहमद, काजी बशीर उद्दीन, अनवार खलीफा, तौसीफ मेम्बर, मोहम्मद उमर, पप्पू ताले वाले, हाजी रज्जन बैग, सैफ उल्ला ख्वां बटीं, अमन अली, बम्फुल मंसूरी, अमन अली आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे

## गुदड़ी बाजार तिहरा हत्याकांड: इजलाल, शीबा समेत 10 दोषियों को आज मिलेगी सजा, दिल दहला देने वाली थी वारदात

मेरठ कोतवाली के गुदड़ी बाजार तिहरे हत्याकांड में अदालत आज सजा सुनाएगी। हत्याकांड में अदालत ने इजलाल कुरैशी और शीबा समेत 10 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सभी आरोपी जेल में हैं। कचहरी में बड़ी संख्या पुलिस और पीएसी तैनात रहेगी। किसी को भी चेकिंग के बिना अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। आज बहस पूरी, अब होगा सजा का एलान- गुदड़ी बाजार तिहरे हत्याकांड में वादी पक्ष और सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि ये हत्याकांड जघन्य हत्याकांड की श्रेणी में आता हैं, ऐसे में दोषियों को फांसी की सजा सुनाई जाए। वहीं, बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि मुलजिमों का पहले कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। शवों के टुकड़े नहीं किए गए, यह सिर्फ मीडिया ट्रायल है। ऐसे में यह दुर्लभ श्रेणी में नहीं आता है। वादी पक्ष के वकील की तरफ से बहस की गई कि जानवरों जैसा सलूक हुआ, छुरे से गले काटे गए, गोलियां मारी गईं, पाइपों से पीटा गया। ऐसे लोग समाज के लिए खतरा हैं। इसलिए ऐसे दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जज डायस से उठ गए। लंच के बाद कभी भी वह अपना फैसला सुनाएंगे। ये थी घटना- 23 मई 2008 की दोपहर बागपत और मेरठ जिले की सीमा पर बालैनी नदी के किनारे तीन युवकों के शव पड़े मिले। इनकी पहचान मेरठ निवासी सुनील ढाका( 27 ) निवासी जागृति विहार, पुनीत गिरि( 22 ) निवासी परीक्षितगढ़ रोड और सुधीर उज्ज्वल( 23 ) निवासी गांव सिरसली, बागपत के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि 22 मई की रात तीनों की हत्या कोतवाली के गुदड़ी बाजार में हाजी इजलाल कुरैशी ने अपने भाइयों और साथियों के साथ मिलकर की। पुलिस ने इस मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया ।शीबा को हत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में 16 साल बाद दो अगस्त को अपर जिला जज स्पेशल कोर्ट एंटी करप्शन-2 पवन कुमार शुक्ला ने इजलाल कुरैशी पुत्र इकबाल, अफजाल पुत्र इकबाल, महराज पुत्र मेहताब, कल्लू उर्फ कलुआ पुत्र हाजी अमानत, इजहार, मुन्नू ड्राइवर उर्फ देवेंद्र आहूजा पुत्र विजय, वसीम पुत्र नसरुद्दीन, रिजवान पुत्र उस्मान और बदरुद्दीन पुत्र इलाहीबख्श और शीबा सिरोही पर लगाए गए आरोपों को सही मानते हुए दोषी करार दिया। दो आरोपी इसरार और माजिद की मौत हो चुकी है। एक आरोपी शम्मी जेल में है, उसका ट्रायल चल रहा है। परवेज की हाईकोर्ट में अपील पेंडिंग है। इन सभी दोषियों को आज अदालत सजा सुनाएगी।क्रूरता की हदें की पार, उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान- इजलाल और शीबा सिरोही के बीच दोस्ती थी। तीनों युवक इसका विरोध करते थे। कई बार इजलाल से मारपीट और कहासुनी भी हुई। इसके बाद इजलाल ने सुनील ढाका, सुधीर उज्ज्वल और पुनीत गिरी से करीबियां बढ़ा लीं। पुलिस के आरोप पत्र के मुताबिक 22 मई 2008 की रात तीनों को बात करने के बहाने गुदड़ी बाजार में बुलाया। तीनों एस्टीम कार से गुदड़ी पहुंचे। सुधीर का वहां पर इजलाल से विवाद हो गया। इसके बाद इजलाल ने उसको गोलियां मारकर कत्ल कर दिया। अपने भाइयों और साथियों के साथ सुनील और पुनीत को घर के बाहर चबूतरे पर पकड़ लिया। बुरी तरह से लोहे के पाइप से पीटा गया। गला काट दिया गया। आंखें फोड़ दी गईं। तीनों लाशों को कार की डिग्गी में ठूंसकर बागपत जिले में बालैनी थाना क्षेत्र में हिंडन नदी किनारे गाड़ी को छोड़ दिया। जिन धाराओं में आरोपियों को दोषी माना गया है कि उनमें उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान है।मेरठ में रहा था अभूतपूर्व बंद- तिहरे हत्याकांड की गूंज लखनऊ तक रही। घटना के विरोध में हजारों छात्र सड़कों पर आ गए। हत्याकांड के विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन हुए। इन धाराओं में दिए गए हैं दोषी करार- इजलाल कुरैशी निवासी गुदड़ी बाजार थाना कोतवाली- दोषी = 147,148, 201, 364, 404, 411, 302 आईपीसी और 25 आर्म्स एक्ट मेहराज कुरैशी पुत्र मेहताब- दोषी = 147,148, 201, 364, 404, 411, 302 आईपीसी और 25 आर्म्स एक्ट वसीम उर्फ नसीरुद्दीन कुरैशी- दोषी = 147,148, 201, 364, 404, 411, 302 आईपीसी रिजवान कुरैशी- दोषी = 147,148, 201, 364, 404, 411, 302 आईपीसी अफजाल कुरैशी ( इजलाल का भाई )- दोषी = 147,148, 201, 364, 411, 302 आईपीसी बदरूद्दीन कुरैशी ( इजलाल का जीजा )- दोषी = 147,148, 201, 364, 411, 302 आईपीसी अब्दुल रहमान- दोषी = 147,148, 201, 364, 411, 302 आईपीसी इजहार कुरैशी- दोषी = 147,148, 201, 364, 411, 302 आईपीसी शीबा- दोषी = 302, 109 हत्या के लिए उकसाने की दोषी चालक मन्नू उर्फ देवेंद्र आहूजा- दोषी = 147,148, 201, 364, 411, 302 आईपीसी



## सनकी बेटे ने मां-बाप और भाई को काट डाला...खून से सनी कुल्हाड़ी ले गांव में घूमा; फिर कुएं में कूदकर दी जान

